i-NEXT PAGE II

एलयू में आज होगा मेधा का सम्मान

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(13 Feb): लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को मेधा का सम्मान होगा. विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग और रसायन शास्त्र विभाग में पदक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा. इनमें छह मेधावियों में कुल 11 स्वर्ण पदक वितरित किए जाएंगे. यह सभी पदक विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह के हैं. पहला कार्यक्रम सुबह 11 बजे से समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर राधा कलम मुखर्जी सभागार में होगा. विभाग के हेड प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि छात्रा अनामिका बाजपेयी को चार, मृदुलिका शर्मा, सोनल और आशीष नौटियाल को एक-एक स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया जाएगा. समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रयागराज एवं लखनऊ मंडल के वेलफेयर एंड सेस कमिश्नर विजय कुमार एवं कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशि कनौजिया भी उपस्थित रहेंगी.

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: एमकॉम-एजुकेशन के परीक्षा केन्द्र तय किए गए

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की 17 फरवरी से शुरू होने जा रही पीजी विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए केन्द्र तय कर दिए गए हैं। इनकी सूची विवि की www.lkouniv.ac.in पर उपलब्ध है। सूची के अनुसार लखनऊ विवि परिसर के छात्र-छात्राओं के केन्द्र नहीं बदले जाएंगे, वे परिसर में ही पेपर देंगे। वहीं कॉलेजों के केन्द्रों में फेरबदल किया गया है। बता दें कि कोविड के कारण ये परीक्षाएं जनवरी में स्थगित कर दी गई थीं और अब दोबारा इनके कार्यक्रम तय किए गए हैं। सभी छात्र परीक्षा की तैयारी में भी पूरी तरह जुट गए हैं। एमए एजुकेशन का केन्द्र एलयू को बनाया गया है।

लखनऊ विवि लखनऊ विवि कॉमर्स संकाय
जेएनपीजी कॉलेज जेएनपीजी कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, विद्यांत हिन्दू पीजी कॉलेज
कालीचरण डिग्री कॉलेज कालीचरण डिग्री कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, आदर्श सत्येन्द्र महाविद्यालय
रजत डिग्री कॉलेज रजत डिग्री कॉलेज, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज
शिया पीजी कॉलेज शिया पीजी कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन
रामा डिग्री कॉलेज रामा डिग्री कॉलेज, सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज
नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज
नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय कॅरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रामाधीन सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज
लखनऊ विवि- लखनऊ विवि
नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय- रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग
रजत डिग्री कॉलेज- इरम कॉलेज, रजत डिग्री कॉलेज, रजत वुमेन कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट
एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज- जीएसआरएम मेमोरियल पीजी कॉलेज, आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, लाला महावीर प्रसाद बालिका कॉलेज, स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, गौतम बुद्धा डिग्री कॉलेज
रामा डिग्री कॉलेज- रामा डिग्री कॉलेज, सिटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज

AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

वैलेंटाइन डे पर खास | लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका व छात्रा के शोध में सामने आया तीन पीढ़ियों के प्यार का अंतर

बड़े चाहें प्यार में सम्मान-परवाह, युवाओं को चाहिए निजता

रोली खन्ना

लखनऊ। एक दौर था जब सोहिनी महिवाल, हीर-रांझा, लैला-मंजनू के नाम पर प्यार की मिसालें दी जाती थीं। दौर बदलने के साथ अब ये नाम तो लिए जाते हैं, लेकिन मिसाल शायद ही दी जाती हो। समय के साथ इसकी जरूरतें, चाहतें बदली हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी रिश्तों का आधार प्यार ही है, लेकिन अलग आयुवर्ग के लोगों में इसे स्वीकार करने, इसे बनाए रखने का अपना तरीका है। बड़े-बुजुर्गों के लिए प्यार में सम्मान, विश्वास, परवाह और तालमेल-समायोजन जरूरी है। वहीं, युवाओं को प्यार में बंधन कतई नहीं मंजूर। निजता को वे तरजीह देते हैं और दखलअंदाजी वे संद नहीं करते। लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के शोध में से निष्कर्ष निकले हैं।

300 लोगों पर किया गया अध्ययन
02 सवालों के जवाब पर किया गया अध्ययन
18 वर्ष से वरिष्ठ नागरिक तक शामिल
03 वर्गों में उम्र के हिसाब से बांटा गया

तीन आयुवर्ग के लोग रहे शामिल

असिस्टेंट प्रोफेसर मानिनी श्रीवास्तव व उनकी स्टूडेंट निखत ने 300 लोगों पर यह शोध 'अंडरस्टैंडिंग लव अक्रॉस द जेनरेशन' विषय पर किया। इसमें 18 से 28, 29 से 50 और 51 से ऊपर की उम्र के लोग थे। हर आयुवर्ग के 100 लोगों के दो सवालों पर साक्षात्कार लेकर निष्कर्ष निकाला गया। पहला सवाल था, प्यार के मायने क्या हैं और प्यार के लिए जरूरी चीजें क्या हैं।

मानिनी श्रीवास्तव

निखत

प्यार ही पूजा जैसी बातों पर बहुत कम जवाब

प्यार ही पूजा है, पति परमेश्वर है, बलिदान दे देना, ताउम्र एक दूसरे से प्यार का इजहार जैसी बातें वरिष्ठ नागरिकों को बचकानी लगीं। महज 10 से 15 फीसदी लोगों ने इस पर सहमति दिखाई। प्यार जीने की वजह है...इस पर महज 6.25 फीसदी लोगों ने जवाब दिया। 14.28 फीसदी ने कहा कि प्यार हो तो इजहार जरूरी है। 29 से 50 वर्ष के 5.26 फीसदी लोग इसे जीवन पर्यंत तक बने रहने वाला अहसास मानने हैं। इस उम्र के लोगों का प्यार न तो समझौतावादी होता है और न ही अधिकार रहित।

- **प्यार एक पवित्र अहसास :** 51 से अधिक आयुवर्ग वालों में 56.25, 29 से 50 साल वालों में 91.66 और 18 से 28 वर्ष वाले 52.63 फीसदी युवाओं ने प्यार को पवित्र अहसास बताया। सभी ने इसकी गहराई को स्वीकारा।

अर्थ नहीं, समय के साथ जरूरतें बदल गईं

डॉ. मानिनी कहती हैं कि पहले आयुवर्ग के लिए प्यार में एक दूसरे का सम्मान, सहयोग (57.14 फीसदी ने माना) और विश्वास (42.85 फीसदी ने माना) जरूरी है। दूसरे आयुवर्ग के लिए प्यार होने व इसे निभाने के लिए परवाह का भाव होना जरूरी है। इस पर 57.14 फीसदी ने सहमति दी। वहीं, 50 फीसदी ने एक-दूसरे से समायोजन का होना जरूरी बताया। तीसरी पीढ़ी के 52.63 फीसदी ने अपेक्षा के भाव को प्रमुखता दी। इसके अलावा 31.57 फीसदी नौजवानों ने कहा कि उन्हें निजता पसंद है, वे नहीं चाहते कि पार्टनर उनके पर्सनल स्पेस में दखलंदाजी करे। प्यार में सिर्फ 11 फीसदी के करीब युवाओं ने ही जिम्मेदारी लेने, एक दूसरे को स्वीकार करने की बात कही। एक दूसरे के सम्मान को तरजीह देने पर महज 15.78 फीसदी युवा ही आगे आए।

मेधावियों को आज मिलेंगे मेडल

लखनऊ। लखनऊ विवि के समाज कार्य विभाग के मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे। सुबह 11 बजे से विभाग के राधाकमल मुखर्जी हाल में आयोजित कार्यक्रम में अनामिका बाजपेई को 4, मृदुलिका शर्मा, सोनल व आशीष को एक-एक गोल्ड मेडल दिया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमकॉम, एजुकेशन, सोशियोलॉजी के एग्जाम सेंटर तय

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने एग्जाम के लिए जारी की सेंटर्स की सूची

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (13 Feb): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने 17 फरवरी से शुरू होने जा रही पीजी विषम सेमेस्टर एग्जाम के सेंटर तय कर दिए गए हैं. सूची के अनुसार लखनऊ यूनिवर्सिटी परिसर के स्टूडेंट्स के सेंटर नहीं बदले जाएंगे, वे परिसर में ही पेपर देंगे. वहीं कॉलेजों के सेंटरों में फेरबदल किया गया है.

विषय के हिसाब से सेंटर

एमकॉम प्योर-एप्लाइड इकोनॉमिक्स

- लखनऊ यूनिवर्सिटी- लखनऊ यूनिवर्सिटी कॉमर्स संकाय
- जेएनपीजी कॉलेज- जेएनपीजी कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, विद्यांत हिन्दू पीजी कॉलेज
- कालीचरण डिग्री कॉलेज- कालीचरण डिग्री कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, आदर्श सत्येन्द्र महाविद्यालय
- रजत डिग्री कॉलेज- रजत डिग्री कॉलेज, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- शिया पीजी कॉलेज- शिया पीजी कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन
- रामा डिग्री कॉलेज- रामा डिग्री कॉलेज, सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज- नवयुग कन्या डिग्री कॉलेज, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय- कॅरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रामाधीन सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज

एमएड

- लखनऊ यूनिवर्सिटी- लखनऊ यूनिवर्सिटी
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय- रामेश्वरम इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग
- रजत डिग्री कॉलेज- इरम कॉलेज, रजत डिग्री कॉलेज, रजत वुमेन कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज- जीएसआरएम मेमोरियल पीजी कॉलेज, आर्यावर्त इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, लाला महावीर प्रसाद बालिका कॉलेज, स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, गौतम बुद्धा डिग्री कॉलेज
- रामा डिग्री कॉलेज- रामा डिग्री कॉलेज, सिटी कॉलेज ऑफमैनेजमेंट, सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज

एमए सोशियोलॉजी

- लखनऊ यूनिवर्सिटी- लखनऊ यूनिवर्सिटी
- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज- एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, महाराजा बिजली पासी कॉलेज, बीएसएनवी पीजी कॉलेज
- पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय कन्या पीजी कॉलेज- पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय कन्या पीजी कॉलेज
- जेएनपीजी कॉलेज- जेएनपीजी, लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय
- रजत डिग्री कॉलेज- सिटी एकेडमी डिग्री कॉलेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रजत डिग्री कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज गोमती नगर
- शिया पीजी कॉलेज- शिया पीजी कॉलेज, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन बीकेटी
- कालीचरण डिग्री कॉलेज- कालीचरण डिग्री कॉलेज, मुमताज डिग्री कॉलेज
- आईटी पीजी कॉलेज- आईटी पीजी कॉलेज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महाविद्यालय, कॅरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, रामाधीन सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज.

JAGRAN CITY PAGE I & III

लवि में आज होगा मेधा का सम्मान

विश्वविद्यालय के समाज कार्य और रसायन शास्त्र विभाग में होगा समारोह

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को मेधा का सम्मान होगा। विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग और रसायन शास्त्र विभाग में पदक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इनमें छह मेधावियों में कुल 11 स्वर्ण पदक वितरित किए जाएंगे। यह सभी पदक विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह के हैं।

पहला कार्यक्रम सुबह 11 बजे से समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर राधा कलम मुखर्जी सभागार में होगा। विभाग के हेड प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने बताया कि छात्रा अनामिका बाजपेयी को चार, मृदुलिका शर्मा, सोनल और आशीष नौटियाल को एक-एक स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रयागराज एवं लखनऊ मंडल के वेलफेयर एंड सेस कमिश्नर विजय कुमार एवं कला संकाय की अधिष्ठाता प्रो. शशि कनौजिया भी उपस्थित रहेंगी।

समाजसेवा के लिए आइएएस बनना चाहते हैं मेधावी

चार स्वर्ण पदक मिलना मेरे लिए खुशी की बात है। मैंने सोशल वर्क से बीए अनर्स और फिर एमए ब्लू की पढ़ाई की। जब मैं कक्षा सात में थी, उस समय मेरे एक दूर के रिश्तेदार का आइएएस में चयन हुआ था। उसी समय से सोचा था कि ऐसी विधा से पढ़ाई करूं जो इसके लिए काम आए। फील्ड वर्क से काफी कुछ सीखा है। यूपीएससी की तैयारी कर रही हूं। पापा कर्नल बाजपेयी रेलवे में हैं। मम्मी नीलम बाजपेयी गृहणी हैं।
अनामिका बाजपेयी, चार स्वर्ण पदक

मैंने लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएसडब्लू की पढ़ाई की। कम्युनिटी डेवलपमेंट के क्षेत्र में काफी कुछ सीखा। अच्छे फील्ड वर्क के लिए यह पदक दिया जा रहा है। इसको पहले बीएसडब्लू में भी पुरस्कार मिला था। सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही हूं। पापा संजीव कुमार इन्स बिजनेस मैन हैं। समाज के लिए काफी कुछ करना है।
मृदुलिका शर्मा, स्वर्ण पदक

पदक मिलना सबसे बड़ी खुशी की बात है। तरक्कीदार विश्वविद्यालय से बीए और फिर एमएसडब्लू किया। अभी मैं एक अच्छी नौकरी के लिए प्रयासरत हूं। आगे आइएएस की तैयारी करूंगी। पापा विजय कुमार केबल आपरेटर हैं। मम्मी वंदना गृहणी हैं।
रोहिन, स्वर्ण पदक

कर्नल आशीष को भी मिलेगा स्वर्ण पदक

कर्नल आशीष नौटियाल

समाज कार्य विभाग में मेधावियों को दिए जाने वाले स्वर्ण पदक की सूची में बदरी नगर निवासी कर्नल आशीष नौटियाल का नाम भी शामिल है। उन्होंने लवि से बीजी हिस्ट्री इन डिजास्टर मैनेजमेंट और पीजी हिस्ट्री इन सोशल स्ट्रक्चर इन न्यूनल राइट्स की पढ़ाई की है। कश्मीर में केरल के एनसीसी निदेशालय में तैनात कर्नल आशीष को लवि में पढ़ाई का महीन काफी अच्छा लगा। वह बताते हैं कि जम्मू-कश्मीर में तैनाती के बाद पढ़ाई के लिए वे लवि की मुट्ठी थी। जिन दोनों विषय में डिप्लोमा किया, उसके बारे में आर्मी में बताया जाता है। प्रैक्टिकल नालेज तो हो गई, लेकिन सोचा इसकी पढ़ाई भी कर ली जाए। वह बताते हैं कि वर्ष 1989 में एनबीए से पास आउट होने के बाद सेना में चयन हो गया। उसके बाद कालेज आफ मिलिट्री इंजीनियरिंग पुणे से बीटेक और इलेक्ट्रानिक एंड मेकेनिकल इंजीनियरिंग बड़ोदा से एमटेक की पढ़ाई की है।

रसायन विभाग में दिए जाएंगे चार पदक

दोपहर तीन बजे से दूसरा पदक वितरण समारोह रसायन शास्त्र विभाग में होगा। विभाग के हेड प्रो. अरुण कोटी ने बताया कि दो विद्यार्थियों को चार स्वर्ण पदक और उपाधियां दी जाएंगी। यह पदक हम उपाधि अधिष्ठात विज्ञान संकाय प्रो. बलेंद्र सिंह प्रदान करेंगे।

लवि में पीजी की परीक्षाएं 17 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में कोविड संक्रमण के बाद स्थगित की गईं परास्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं की शुरुआत 17 फरवरी से होगी। छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in से इसे डाउनलोड किया जा सकता है। हालांकि देर शाम को वेबसाइट खुलने में दिक्कतें हुईं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के साथ ही प्रवेश पत्र भी जारी कर दिए गए हैं। यदि एडमिट कार्ड डाउनलोड होने में समस्या है, तो सोमवार को इसका निस्तारण किया जाएगा। चुनाव की वजह से सिर्फ एक केंद्र में बदलाव किया गया है। उन्होंने बताया कि पहले दिन एमए इकोनामिक्स तीसरा सेमेस्टर, एमए इंग्लिश (सीबीसीएस) तीसरा सेमेस्टर, एमपीएड तीसरा सेमेस्टर, एमपीएड तीसरा सेमेस्टर ओल्ड कोर्स, एमए अरेबिक तीसरा सेमेस्टर, एमए अरब कल्चर, एमए एआइएचच तीसरा सेमेस्टर ग्रुप-ए (सीबीसीएस) के विभिन्न विषयों की परीक्षाएं शुरू होंगी।

प्रवेश शुल्क जमा करने का अंतिम मौका कल

लखनऊ विश्वविद्यालय के विषम सेमेस्टर (तीसरे, पांचवें, नवें)-2021 के जिन छात्र-छात्राओं ने अभी तक प्रवेश शुल्क नहीं जमा किया है, उनके पास 15 फरवरी तक मौका है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम अवसर दिया गया है। इसके बाद तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी।

नेशनल कालेज : पीजी की परीक्षाएं 16 से

नेशनल पीजी कालेज की परास्नातक परीक्षाओं की शुरुआत 16 फरवरी से होगी। पहले दिन प्रथम सेमेस्टर और 17 फरवरी से तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। इनमें करीब 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इन परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं। सभी छात्र-छात्राओं को कोविड वैक्सीन की दोनों डोज का प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य होगा। बिना इसके प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा का समय सुबह नौ से 12 बजे तक और दोपहर 1.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक रहेगा।